तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


शनिचरी स्थित चौपाटी का फौव्वारा बंद

## खबर संक्षेप

### वन महोत्सव में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री तोखन

**बिलासपुर।** अधिवक्ता साथियों का वन भ्रमण वन भोज व व आठवां वन महोत्सव जंगल मितान परिसर शिवतराई अचानकमार में 28 दिसंबर रविवार को मनाया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम संयोजक व जंगल मितान के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्र शेखर बाजपेयी ने बताया कि हर वर्ष की तरह यह आयोजन शिवतराई जंगल मितान परिसर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, अतिथि संत विवेक गिरी गोस्वामी, वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अटल श्रीवास्तव, अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष शुक्ला, पूर्णेंदु भट्ट कोचिंग होंगे।

### ठंड का असर बरकरार 24 घंटे चल रही शीतलहर

**बिलासपुर।** कोहरे का कहर जारी है। ठंड के कारण लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। 24 घंटे सर्द हवाएं चलने के कारण शीतलहर चल रही रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में हवाओं का रूख बदल सकता है, लेकिन सर्दी में मामूली कमी देखी जा सकती है। प्रदेश में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। दिसंबर माह में सर्द हवाओं ने सर्दी की सभी रिकार्ड तोड़ रही है हालांकि इस दौरान न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है लेकिन शीतलहर चलने के कारण लोगों को कड़ाकें की ठंड महसूस हो रही है। सर्द हवाओं के सितम उत्तरी छत्तीसगढ़ में इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है।

## तिफरा पुलिस कॉलोनी का मामला : मां ने दिखाया साहस तो टली बड़ी वारदात

# आरक्षक के घर में घुसा नकाबपोश, बच्ची के गले चाकू अड़ाकर मां से कहा- रुपया, जेवर निकालो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा स्थित पुलिस कालोनी निवासी आरक्षक के घर नकाबपोश लुटेरा बेखौफ घुस गया, लुटेरे ने डेढ़ साल की बच्ची के गले में चाकू अड़ाकर उनकी उसकी मां से कहा रुपया, जेवर निकालो, नहीं तो वे बच्ची को मार डालेंगे। साहसी मां ने नकाबपोश को धक्का देकर दोनों बेटियों के साथ कमरे में घूसकर अंदर दरवाजा बंद कर लिया और शोर मचाया, जिससे नकाबपोश लुटेरा बाहर से दरवाजे की सिटकनी लगाकर भाग गया।

तिफरा पुलिस क्वार्टर आई ब्लाक 6 वी मंजिल मकान नम्बर 603 में चकरभाठा थाने में पदस्थ आरक्षक भागवत चंद्राकर अपनी पत्नी रीना चंद्राकर व बेटी शिप्पी 8 साल, निशी चंद्राकर डेढ़ साल के साथ रहते हैं। शुक्रवार की शाम श्री चंद्राकर ड्यूटी में थाने चले गए थे। उनकी पत्नी रीना चंद्राकर ने बताया, शाम 6.30 बजे वे बेडरूम में दोनों बेटियों के साथ लेटी हुई थीं। इसी दौरान दरवाजे की बेल बजी, उनकी बड़ी बेटी शिप्पी ने दरवाजा खोला तो एक युवक सिर में कैप, चेहरे में मास्क व जैकेट पहने अंदर घुस गया। शिप्पी चिल्लाते हुए बेडरूम में अपनी मां के पास गई। पीछे से नकाबपोश आया और बेड पर लेटी उनकी डेढ़ साल की बेटी निशी को उठाकर गर्दन में चाकू अड़ा दिया, उसने श्रीमती चंद्राकर से कहा रुपया जेवर निकालो, नहीं तो बच्ची को मार डालूंगा। साहसी श्रीमती चंद्राकर ने कहा पहले वह बच्ची को उन्हें दे, तभी वे रुपया, जेवर देंगी। नकाबपोश ने उन्हें बच्ची को दे दिया। उसके बाद वे रुपया जेवर निकालकर देने की बात कहते हुए उसे हाल में ले गईं और उसे धक्का देकर दोनों बच्चियों के साथ भागते हुए कमरे में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और चीखने लगीं। पकड़े जाने के भय से नकाबपोश बाहर से दरवाजे का सिटकनी लगाकर भाग निकला।


तिफरा स्थित पुलिस कालोनी जहां वारदात हुई।


नकाबपोश ने इन्हीं बच्चियों पर अड़ाया चाकू।

### सीएसपी ने की पूछताछ

घटना की सूचना मिलते सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिरगिट्टी, चकरभाठा पुलिस व एसीसीयू टीम आरक्षक के घर पहुंच गई। श्रीमती चंद्राकर से घटना की जानकारी लेने के बाद पुलिस नकाबपोश की तलाश में जुट गई है।

### शोर मचाने पर पहुंचे कालोनीवासी

श्रीमती चंद्राकर ने बताया, कमरे में आने के बाद अंदर से दरवाजा बंद कर वे खिड़की से घर में लुटेरे के घुस जाने की बात कहते हुए शोर मचाने लगीं, जिससे कालोनी में हड़कंप मच गया। 5 मिनट में बड़ी संख्या में कालोनी के लोग उनके घर पहुंच गए।

### छत के रास्ते से भागने की आशंका

पुलिस क्वार्टर के ब्लाक की छत एक दूसरे से जुड़ी हुई है। नकाबपोश के छत के रास्ते से दूसरे ब्लाक में जाकर आसानी से नीचे उतर कर भाग जाने की संभावना जताई जा रही है।

### नहीं लगा है सीसीटीवी कैमरा

सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए आमजनता को जागरूक करने वाला पुलिस विभाग स्वयं के पुलिस कालोनी में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा पाया है। उक्त पुलिस कालोनी में करीब 450 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी परिवार के साथ निवास कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से नकाबपोश लुटेरे का सुराग लगाने में पुलिस का पसीना छूट जा रहा है।


वह मकान जहां घटना घटी।

### रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है

लूट की कोशिश की सूचना पर आरक्षक के घर गए थे। मां बेटी से कई बार घटना के संबंध में पूछताछ की गई। वे हर बार अलग अलग बात कह रहे हैं। आरक्षक को रिपोर्ट लिखाने कहा गया था। वह रिपोर्ट लिखाने नहीं आया है।

- **किशोर केंवट** सिरगिट्टी टीआई

# प्रदेश के 4.50 लाख कर्मचारी 3 दिन हड़ताल पर रहेंगे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के 4 लाख 50 हजार कर्मचारियों ने एक बार आंदोलन करने का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले राज्य भर के कर्मचारी 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी उनकी लंबित मांगे नहीं मानी जाएगी तो उग्र आंदोलन करेंगे।

फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि, सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की जायज मांगों को नजरअंदाज करती आ रही है। बार-बार ज्ञापन, बैठक और संवाद के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी उपेक्षा और अनदेखी के खिलाफ अब कर्मचारियों ने निर्णायक आंदोलन का रास्ता चुना है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि, प्रदेश भर में आंदोलन की पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है। इससे पहले 22 अगस्त को जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। केवल आश्वासन ही दिया गया। इसलिए अब प्रदेश भर के कर्मचारी एक बार फिर बड़े आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।




लंबित-मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

29 से 31 दिसंबर तक सरकारी दफ्तरों में नहीं होगा काम

### महंगाई भत्ता व एरियर्स को लेकर नाराजगी

प्रदेश में करीब 4 लाख 50 हजार कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं, जिनमें से करीब 4 लाख 10 हजार नियमित कर्मचारी हैं। फेडरेशन के पदाधिकारियों का आरोप है कि केंद्र सरकार की "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वे अब तक नहीं दी गईं। खासतौर पर महंगाई भत्ता और डीए एरियर्स को लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त नाराजगी है। फेडरेशन के सदस्यों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरकार से बातचीत की कोशिश की, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। अब हालात ऐसे बन गए हैं कि आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

# मार्निंगवाक पर निकले प्रापर्टी डीलर को कार ने मारी टक्कर, 15 फीट उछलकर गिरे, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मार्निंगवाक पर निकले प्रापर्टी डीलर को पीछे से तेज रफ्तार में चल रही कार के चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। कार की टक्कर से 15 फीट ऊपर उछलकर गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सिवल लाइन पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर को उसलापुर प्रकृति विहार निवासी प्रापर्टी डीलर रवि सिंह सुबह 7 बजे घर से मार्निंगवाक पर निकले थे। उसलासपुर स्मार्ट सिटी में वे दोस्त से मोबाइल में बात करते हुए सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से उसलापुर ब्रिज की ओर से आ रही बेलगाम तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार के चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी और भाग निकला। कार की टक्कर से श्री सिंह 15 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरे, जिससे उनके सिर, पैर, हाथ चेहरे में गंभीर चोट आई है। उनके दोस्त स्मार्ट रोड पहुंचे तो वहां लोगों की भीड़ लगी हुई थी। वे कार रोककर पास में गए तो रवि सिंह गंभीर रूप से घायल होकर पड़े हुए थे। उन्होंने तत्काल उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### उसलापुर स्मार्ट रोड पर हुआ हादसा

ऐसे हुई टक्कर



हवा में उछलते प्रापर्टी डीलर



भागता कार चालक



### साधारण धारा लगाकर खानापूर्ति

सड़क दुर्घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कार चालक खतरनाक तरीके से चलाते हुए जानबूझकर जबरदस्त टक्कर मारकर भागते नजर आ रहा है। पीड़ित पक्ष ने फुटेज सहित कार चालक का नाम तक पुलिस को उपलब्ध करा दिया है। उसके बाद भी पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर साधारण बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली गई है।

## धोखाधड़ी से बचने विभाग ने की अपील

# फर्जी चालान से लोगों को लग रहा है चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्लोन वेबपेज के सहारे ई चालान द्वारा लोगों को चपत लगाने को लेकर परिवहन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग प्रचार-प्रसार में जुट गया है। विभाग अधिकारिक मैसेज और फेक मैसेज के बारे में लोगों को बताकर धोखाधड़ी से बचने की सलाह दे रहा है।

जहां एक ओर तीन सवारी, यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर परिवहन व यातायात विभाग द्वारा लगातार चालान भेजा जा रहा है, वहीं इस दौरान फर्जी चालान के मैसेज भी लोगों को मिलने लगे हैं। इस मैसेज के साथ फेक वेबसाइट के लिंक पर क्लिक करते ही लोगों के पैसे कट रहे हैं। जानकारी मिलने पर विभाग ने अलर्ट जारी किया है। परिवहन विभाग द्वारा अपील की गई है कि धोखाधड़ी से बचने के लिए डॉट एपीके फाइल या किसी व्यक्तिगत नंबर पर क्लिक न करें। वहीं वास्तविक चालान की जांच करने के लिए परिवहन विभाग के आधिकारिक वेबसाइट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवीडॉट इन पर जाकर सर्च करें। इस दौरान मोबाइल नंबर की ओटीपी डालने पर चालान का विवरण मिलने की बात कही जा रही है। पंजीकृत मोबाइल नंबर से भी टेक्स्ट मैसेज द्वारा भी चालान की जानकारी हासिल की जा सकती है। परिवहन विभाग ने धोखाधड़ी की शिकायत संबंधित थाने में करने की बात कही है।




- फर्जी चालान के बारे में जारी की सूचना
- लगातार आ रहे मामले के बाद जागा विभाग

### फर्जी चालान को ऐसे पहचानें

फर्जी चालान ज्यादतर व्यक्तिगत नंबरों से प्रेषित किया जाता है, इसमें विभाग की वेबसाइट का लिंक नहीं होता है। साथ ही फर्जी चालान में चालक के वाहन का क्रमांक, चालान की तारीख, चालान का नंबर जैसी जानकारी भी मौजूद नहीं होती है। ठगों के द्वारा व्यक्तिगत नंबरों पर भुगतान करने की बात कही जाती है, जबकि विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का कॉल चालक को नहीं किया जाता है।

### आधिकारिक वेबसाइट का सहारा लें

हाल में फर्जी चालान की बात सामने आई है। इसके लिए उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा गया है। फर्जी चालान की पहचान आसान है। लोगों को चालान का भुगतान करने से पहले विभाग की अधिकारिक वेबसाइट का सहारा लेना चाहिए, जिससे धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

- **असीम माथूर**
आरटीओ, परिवहन




Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA
MAKERS
Own your real asset.
Artist's Impression
2026 DESERVES
A BETTER PLACE TO LIVE.
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
Representational Image
Work Begins at Full Pace — The Vision is Now Becoming Reality.
Actual Photo
New Town
2, 3, 4 & 5 BHK BUNGALOWS
MUNGELI ROAD
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

हरिभूमि

बिलासपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



सम्मान

## दिशा को मिली मुंबई में पहचान राष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ निवासी और शहर के रेडियो स्टेशन की पूर्व रेडियो जॉकी रह चुकीं दिशा सोलंकी ने इंडिया वॉइस फेस्ट अवॉर्ड्स 2025 में 'वॉइस ऑफ द ईयर, हिंदी टीवी, डिजिटल एड' कैटेगरी में टॉप 5 नॉमिनेशंस में अपनी जगह बनाकर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।



इस श्रेणी में विजेता रहीं स्मिता मल्होत्रा, जो बाहुबली फ़िल्म में देवसेना जैसे आइकॉनिक किरदार को हिंदी में आवाज़ देने वाली प्रसिद्ध एक्टर, सिंगर और डबिंग आर्टिस्ट हैं। वहीं टॉप 5 नॉमिनेशंस में निमिषा सिरोही और स्मिता मल्होत्रा जैसे दिग्गज नाम शामिल है। जिन्हें वॉइस इंडस्ट्री में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। ऐसे अनुभवी और प्रतिष्ठित कलाकारों के बीच दिशा सोलंकी का नाम शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि और जीत के बराबर है। इंडिया वॉइस फेस्ट के फाउंडर और क्यूरेटर दर्पण मेहता जो स्वयं एक वेटरन वॉइस आर्टिस्ट हैं और फिल्मफेयर अवॉर्ड्स व अंबानी वेडिंग जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में अपनी आवाज़ दे चुके हैं, का मानना है कि एआई के बढ़ते दौर में भी ह्यूमन वॉइस की अहमियत कभी कम नहीं होगी और उन सशक्त मानवीय आवाज़ों को दुनिया तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।

चयन

## भूपेंद्र गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित, बढ़ाया जिले का गौरव

**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी छात्र, जूनियर अंडर ऑफिसर भूपेंद्र साहू का चयन दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस शिविर आरडीसी 2026 के लिए हुआ है। भूपेंद्र की इस सफलता ने न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे बिलासपुर जिले को



गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि भूपेंद्र साहू का चयन एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है, जो अगस्त माह 2025 से प्रारंभ हुई थी। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने विभिन्न कठिन चरणों को सफलतापूर्वक पार कर 1.5 लाख कैडेट्स के बीच जगह बनाई। भूपेंद्र इन चुनिंदा कैडेट्स में से एक हैं, जो दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अपने निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे और राजपथ पर कदमताल करेंगे। उपलब्धि पर डॉ. अंजू शुक्ला, डॉ. एम.एस. तंबोली, डॉ. मनीष तिवारी, कैप्टन आशीष शर्मा, प्रो ए श्रीराम, डॉ विवेक अंबलकर, प्रो. नीधिष चौबे, डॉ अजय यादव, डॉ शैलेन्द्र तिवारी, कर्नल लोकेश देवा, सूबेदार मेजर देवेश कुमार, बृजमोहन सिंह, सूबेदार हरविंदर सिंह, नायब सूबेदार लाल सिंह, हवलदार मनोज सिंह, दिलीप मेहरा एवं समस्त पी.आई. स्टाफ ने कैडेट भूपेंद्र साहू को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

आयोजन

## समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण को लेकर स्वयंसेवकों को किया जागरूक



**बिलासपुर।** तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत केवटाडीह भुतहा में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अतिथियों ने समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया एवं स्वयंसेवकों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि रेखा गुल्ला सदस्य, रासेयो एयू ने वीर बाल दिवस पर अपने उन दो वीर बालकों के अदम्य साहस और बलिदान को रेखांकित किया एवं युवाओं से राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा अपनाने का आह्वान किया। अतिथि एम.एम. गुल्ला उपाध्यक्ष सक्षम ने नेत्रदान एवं देहदान को लेकर बच्चों को जागरूक किया एवं इसे मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया। मोना केंवट ने गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया की बारीकियों को साझा कर युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय गौरव की दिशा में प्रेरित किया।

कार्यक्रम

## अभियान चलाकर लोगों को किया गौ सेवा के लिए जागरूक



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन बिलासपुर परिवार ने गौ सेवा के 16 सौ दिवस पूर्ण कर लिया है। इस उपलक्ष्य में फाउंडेशन के सदस्यों ने गौ माता को रेडियम बेल्ट बांधी। वहीं नीरज गेमनानी ने गौ सेवा अभियान चलाकर लोगों को गौसेवा हेतु जागरूक किया। इस अभियान में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जन और पशु हानि को देखते हुए बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों के बेहतर प्रबंधन, सेवा और संरक्षण को सुदृढ़ करने शांता फाउंडेशन ने ''गौ सेवा संकल्प अभियान'' चलाया और यह अभियान पिछले सोलह सौ दिनों से अनवरत चल रहा है। संस्था के संस्थापक नीरज गेमनानी ने कहा कि गौ सेवा समाज और आत्मा से जुड़ा कार्य है। जिसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस पुनीत कार्य में लोगों को भी आगे आना चाहिए।

### प्रदर्शनी में चित्रकला प्रतियोगिता, प्रतिभागियों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

**हनुमान महापाठ समिति, साईं माउली परिवार एवं संस्कार भारती जिला इकाई बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान चालीसा अर्थ एवं प्रेरणा पर केंद्रित 45 चित्रों की अनुपम प्रदर्शनी के तीसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 85 प्रतिभागियों ने हनुमान चालीसा पर केंद्रित चित्र बनाया।**

# प्रतिभागियों ने बनाए हनुमान चालीसा पर केंद्रित आकर्षक चित्र

**बिलासपुर।** इस आयोजन के मुख्य अतिथि सुरेंद्र गुंबर संचालक प्रीमियर एकेडमी, जयेश गुंबर, डा. राजकुमार सचदेव विभाग संघचालक, अभय राम प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मोहन देवपुजारी अध्यक्ष महाराष्ट्र मंडल, अर्शी भाई कोठारी समाज सेवक, डीपी नायक उड़िया समाज उपस्थित थे। अतिथियों के आगमन पश्चात उनका अक्षत, रोली से स्वागत किया गया। अतिथियों ने पूरे प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं कला साधना की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने से प्रेरणा और बल तो मिलता ही है, इन चित्रों में चालीसा के भाव आधुनिक संदर्भ में प्रेरणा दे रही है। यह अपने आप में स्तुत्य और प्रणम्य है।



### विजेताओं का सम्मान

रूपाली काले, मोना केंवट एवं चंद्रशेखर देवांगन के संयोजन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में नगर के 85 बाल चित्रकारों ने चार आयु वर्गों में हिस्सा लिया। जिसमें वर्ग अ में कक्षा 1 से 5 में प्रथम शान्वी अग्रवाल, द्वितीय श्वाना चंदानी, तृतीय शुभ मोटवानी, हर्ष संत्वानी को सांत्वना, वर्ग ब कक्षा 6 से 8 में प्रथम तान्या लाल चंदानी, द्वितीय मान्या रजक, तृतीय गुंजन साहू एवं सृष्टि सोनल को सांत्वना, वर्ग स कक्षा 9 से 12 में प्रथम सोनी मोहंती, द्वितीय मिष्ठी भगवानी, तृतीय नीलिमा बुनकर, महक दयालानी को सांत्वना पुरस्कार के रूप उपहार, प्रशस्ति-पत्र एवं उपवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में अरुण गायकवाड़ एवं राजू कौशिक रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में सचिन पराते, मनोज भंडारी, नारायण आवटी, कौस्तुभी पालेकर, अरुण बापट, हेमंत नरकर, भुवनेश्वर चंद्राकर, रेखा मोघे नागपुर, लता विरमानी रायपुर, इंदु तिवारी, माधुरी नायडू, क्षमा त्रिपाठी, प्रतिभा पुण्डलीक कोरबा, डॉ भालचंद्र दीघे, दीपक राजनकर, विद्या गोवर्धन, ज्योति हार्डीकर, डॉ संतोष, अर्चना दबड़गांवकर रायपुर उपस्थित थे।

### समझाए गए चित्रों के अर्थ और मर्म

प्रदर्शनी के सूत्रधार एवं वरिष्ठ चित्रकार दिलीप दिवाकर पात्रीकर ने प्रदर्शनी में लगे चित्रों के अर्थ और मर्म को बताते हुए कहा कि बल, बुद्धि, विद्या देहु मोहि इन तीन बिंदुओं में जो हमारे दिमाग में चित्र उभरा वह सैन्य शक्ति, साहित्यकारों और शिक्षकों के लिए था। इन तीनों के बारे में विचार करें तो यह समझ में आता है कि हमारी संस्कृति की सुरक्षा इनके माध्यम से ही होती है। इस कारण हमारे चित्रों में इन पर विभिन्न बिंदु उभर कर आए हैं। हमें इन तीन बिंदुओं का ही निराकार स्वरूप साकार होते हुए दिखाई दिया और हमने उन्हें चित्रित करने का निश्चय किया। श्री राम ने हनुमान को गले लगाया और हमारे मस्तिष्क में एक प्रतिक्रिया आई कि हमारे वनवासी बांधवों को हम यदि अपने करीब लाए, किसानों से सीधा संपर्क करें तो हमारे जीवन में नैसर्गिक समीपता आएगी और हम एक सार्थक प्रयास कर सकेंगे। इसके दूसरे अर्थ में यह पाया कि प्रशासन यदि सामान्य जनों के करीब आए, उनके बीच का भय दूर करें तो प्रशासन का काम निर्विघ्नता और तत्परता से हो पाएगा।

### संस्कृति के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास

प्रदर्शनी की दूसरी सूत्रधार एवं वरिष्ठ चित्रकार साधना गर्दे ने भी चित्रों के भाव रखते हुए कहा कि हमारी अटल मान्यता है कि आज के जितने भी वैज्ञानिक उपलब्धियां है, वह हमें पहले भी प्राप्त थी। आज परिकल्पना के रूप में जो बातें हमारे शास्त्रों में थी उन्हीं के आधार पर आविष्कार हो रहे हैं और वे साकार रूप लेकर हमारे जीवन को सरलतम बना रहे हैं। हमारी संस्कृति के प्रति जागरूकता एवं पौराणिक कथाओं के पीछे छुपे तथ्यों को लोगों के सम्मुख लाने का प्रयत्न और इन्हें समर्पित भी किया। यही हमारे माता-पिता एवं गुरु की शिक्षा रही है और हम इसे प्रस्तुत कर अत्यंत आनंदित हो रहे हैं। इस दौरान ओपी मिश्रा, विवेक पांडेय एवं समूह राजस्व कालोनी सरकंडा द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

## आचार्य भगवंत महासेन सूरी महाराज साहब व साध्वी का शहर प्रवास आज

**बिलासपुर।** आचार्य भगवंत परम्पूज्य श्री महासेन सूरी महाराज साहब और साध्वीजी के बिलासपुर आगमन होने जा रहा है। सकल जैन समाज गुरु भगवंतों के बिहार में बड़ी संख्या में शामिल हो रहा है।

28 दिसंबर रविवार को त्रिवेणी डेंटल कॉलेज में प्रवेश के पश्चात सुबह 10 बजे से प्रवचन होगा। इस अवसर पर बाहर से भी श्रावक-श्राविक गुरु भगवंतों के दर्शन करने प्रतिदिन आएंगे। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बिलासपुर सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविका आचार्य गुरु भगवंतो के विहार, आहार, अगुवानी में शामिल हो रहे हैं। आचार्य भगवंत परम्पूज्य श्री महासेन सूरी महाराज साहब आदि ठाणा 4 और साध्वीजी आदि ठाणा 19 नागपुर में चातुर्मास संपन्न करने के बाद रायपुर से 18-19 दिसंबर को विहार हुआ। रविवार को सुबह त्रिवेणी डेंटल कॉलेज में 8 बजे आगमन पश्चात प्रवचन रखा गया है। आचार्य भगवंत पैदल विहार कर बिलासपुर से वाराणसी बनारस जाएंगे। आचार्य भगवंत एवं साध्वीजी प्रतिदिन 15 से 18 किलोमीटर का विहार कर रहे हैं जो सुबह 5 बजे से प्रारंभ होता है।

### त्रिवेणी डेंटल कॉलेज में होगा प्रवचन





### भगवंतों की व्यवस्था का लिया जा रहा लाभ

समाज के सदस्यों द्वारा भगवंतों की गोचरी, पानी की व्यवस्था का लाभ लिया जा रहा है। लाभ लेने वालों में समाज के वरिष्ठ विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, सुभाष श्रीश्रीमाल, सुरेंद्र मालू, संजय छाजेड़, संजीव चोपड़ा, तुषार मेहता, कुणाल भयानी, विनोद लुनिया, अभिनव, गौरव डाकलिया, प्रवीण कोचर, शुभम, चंदन चोपड़ा, रूपेश गोलछा, संगीता, सारंग चोपड़ा, अमित गोलछा एवं अन्य सकल जैन समाज के सदस्या शामिल हैं।

**ये हैं लाभार्थी परिवार :** गुरु भगवंतों के आहार एवं विहार की व्यवस्था के लाभार्थी परिवारों में रविवार 28 दिसंबर को सुबह नरेंद्र मेहता, रमेश भायाणी, इंदरचंद बैद, किरण चोपड़ा, त्रिवेणी डेंटल कॉलेज बिलासपुर, सोमवार 29 दिसंबर को सामुदायिक भवन नर्मदा नगर बिलासपुर के लाभार्थी श्री जैन श्वेतांबर श्रीसंघ बिलासपुर मंगलवार 30 दिसंबर को सुबह सुभाष जैन, संजीव चोपड़ा, रुपेश गोलछा सेंदरी, बुधवार 31 दिसंबर को सुबहः अभिनव, गौरव डाकलिया, प्रवीण कोचर रतनपुर सिद्धि विनायक मंदिर शामिल हैं।



## 51 जोड़ों ने हवन कर किया तुलसी पूजन

**बिलासपुर।** श्री सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाटा में सामूहिक हवन और तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजन संत सांई लाल दास के सानिध्य में किया गया। ज्ञात हो कि अभी आश्रम में चालीहा महोत्सव चल रहा है। जिसका 31 दिसंबर को समापन होगा। इस बीच कई पुनीत कार्य 40 दिनों तक अलग-अलग दिन चलते रहता है। संत, महात्मा आकर सत्संग से भक्तों को निहाल कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, श्री झुलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इससे हजारों की संख्या में घर बैठे लोगो ने कार्यक्रम को देखा व आनंद लिया।

## बच्चों ने जाना शास्त्रीय नृत्य परंपरा व कथक कला का महत्व

**बिलासपुर।** अनुभव भवन वृहस्पति बाजार में आयोजित पांच दिवसीय प्रदेश स्तरीय निःशुल्क कथक नृत्य कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को कथक नृत्य के सूक्ष्म एवं बारीक चीजों से अवगत कराया गया। तत्कार, हस्तक एवं कथक के मूल स्वरूप की व्यवहारिक जानकारी दी गई।

कार्यशाला का शुभारंभ पं. देवेंद्र गोस्वामी राष्ट्रीय तबला वादक एवं संगीतकार ने किया। अतिथियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा एवं कथक कला के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव रायगढ़, वरिष्ठ चित्रकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कथक कार्यशाला का संचालन सुश्री वसंती एवं ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव ने किया जो कि रायगढ़ घराने की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगनाएं हैं।



आयोजकों ने बताया कि यह कार्यशाला आगामी पांच दिनों तक आयोजित की जाएगी। जिसमें नगर के अनेक नृत्य प्रेमी प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य कथक नृत्य की शास्त्रीय परंपरा को जन-जन तक पहुंचाना एवं नई पीढ़ी को भारतीय कला संस्कारों से जोड़ना है।

स्पोर्ट्स न्यूज

### विधायक कौशिक ने कहा -सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ने सभी समाज को जोड़ के रखा

# सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट का सेमीफाइनल आज

बिलासपुर । फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लैश लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में आज 28 दिसंबर को सेमी फाइनल मैच होंगे। 29 दिसंबर को फाइनल खेला जाएगा। आज फाउंडेशन खेल मैदान में विधायक धरमलाल कौशिक ने स्व. शेख गफ्फार को श्रद्धांजलि दी। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए श्री कौशिक ने कहा है कि स्व. शेख गफ्फार की स्मृति में सोसाइटी प्रीमियर लीग का



आयोजन अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने सभी समाज के लोगों को जोड़कर रखा है। इस मैदान में सभी समाज की टीम खेल रही है। आज खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए अतिथि डॉ मनोज राय, डॉक्टर सुनील केडिया, बाबा ठाकुर, गजेंद्र श्रीवास्तव, शैलेंद्र पाठक, डॉक्टर आनंद राय, नसीम खान, संजय दुआ, देवेश सिंह, मनजीत अरोड़ा, अजय अग्रवाल, जीतू ठाकुर, गोविंद सेठी, सीमा पांडे, संजीव तिवारी, शेख निजामुद्दीन, दीपांशु श्रीवास्तव, प्रखर सिंह ठाकुर, टिप्सी मक्कड़, नासिर खान, अतुल सिंह ने शेख गफ्फार को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### मसीही और ठाकुर समाज ने जीता मैच

आज फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में पहला मैच सोनी समाज और मसीही समाज के बीच खेला गया। जिसमें मसीही समाज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवर में 112 रन बनाए। जवाब में सोनी समाज की टीम केवल 68 रन बना सकी और मसीही समाज ने यह मैच 44 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तन्मय को दिया गया। दूसरा मैच ठाकुर समाज और आदिवासी समाज के बीच खेला गया । जिसमें जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ठाकुर समाज ने 79 रन बनाएं। जवाब में आदिवासी समाज सिर्फ 62 रन बना सकी और ठाकुर समाज की टीम 17 रन से अपना मैच जीत कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार नागेंद्र को दिया गया।

तीसरा मैच मुस्लिम समाज और मसीही समाज के बीच खेला जा रहा है। कल होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीमों के बीच अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। कल सेमीफाइनल में दो मैच खेले जाएंगे।

## अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट : फाइनल मैच आज

प्रतियोगिता में आज तीसरे दिन विधायक अटल श्रीवास्तव, सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे, प्रमोद नायक व आदित्य अग्रवाल कान्हा मिनी स्टेडियम खेल मैदान पहुंचे। विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि क्रिकेट के माध्यम से सबको जोड़ के रखना बहुत अच्छी बात है। संजय दुबे ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। 28 दिसंबर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता धर्मजीत सिंह एवं सुशांत शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। आज क्रिकेट प्रतियोगिता में शिव अग्रवाल, हरि बुधिया, सजन अग्रवाल गुड़ाखू, मनोज बेरीवाल, मोतीलाल सुल्तानिया, आदित्य अग्रवाल कान्हा, सचिंद्र जैन, नवदीप अरोड़ा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।




### अयोध्या चेरियट और एलाइड स्क्वायड ने जीता मैच

अग्रवाल प्रीमियर लीग में आज तीसरे दिन का पहला मैच लखदातार वॉरियर्स और अयोध्या चेरियट के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी कर अयोध्या चेरियट ने तीन विकेट खोकर 98 रन बनाएं। वहीं लखदातार वॉरियर्स के खिलाड़ी निर्धारित 8 ओवर में 82 रन ही बना सकी और अयोध्या चेरियट ने अपना मैच 16 रन से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कृष अग्रवाल को आदित्य अग्रवाल ने सम्मानित किया। दूसरा मैच खाटू श्याम चैंपियन व एलाइड स्क्वाड बीच खेला गया। खाटू श्याम के खिलाड़ियों ने 5 विकेट खोकर 57 रन बनाएं और एलाइड स्क्वायड को 58 रन का लक्ष्य दिया। एलाइड स्क्वाड ने यह मैच 7 ओवर में ही 5 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आलेख अग्रवाल को प्रदान किया गया।

## बिलासपुर ने जीती दिव्यांगों की व्हील चेयर क्रिकेट स्पर्धा

दिव्यांगों के लिए बिलासपुर में पहली बार व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर को मिनी स्टेडियम खेल परिसर दयालबंद में आयोजित की गई। जिसमें बेमेतरा एवं बिलासपुर के बीच 8-8 ओवर का मैच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए जिला बेमेतरा ने 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 51 रन बनाए। बिलासपुर ने बैटिंग करते हुये 6.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बिलासपुर से धनंजय यादव ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। मुख्य अतिथि एवं महापौर पूजा विधानी ने कहा कि व्हील चेयर में दिव्यांगों को क्रिकेट खेलते देखना परिकल्पना से परे है। कार्यक्रम में डॉ. अजीत मिश्रा, डॉ. योगेश कन्नौजे, एवं कीर्ति मिश्रा ने दोनों टीम के दिव्यांगजनों को टी शर्ट एवं लोवर प्रदान किया। मैच के




शुभारंभ में संयुक्त संचालक टीपी भावे ने आयोजन पर प्रकाश डाला। मैच में विजेता उपविजेता टीम को महापौर द्वारा ट्राफी प्रदान करते हुए दोनों टीमों के सभी दिव्यांग खिलाड़ी को मेडल प्रदान किया गया। पूरे आयोजन में संदीप बोले का सहयोग सराहनीय था। कार्यक्रम को सहयोग देने में डॉ. रवि पटेल, प्रशांत मोकासे, सरस्वती रामेश्वरी, अशोक अग्रवाल, रमाशंकर शुक्ला, संतोष देवांगन, अजय सिंह, रंजीत सिंह, बसंत श्रीवास, धर्मेंद्र, वामसी कृष्णा, राजेश सिसोदिया, संजय खुराना, हीरामणी देवांगन, अश्वनी पाण्डेय, निरंकार तिवारी, रमेश अग्रवाल, मंजीत अरोरा, अंजली चावड़ा, मदन मोहन अग्रवाल, राजू अग्रवाल, संजय खुराना, उत्तमराव माथनकर का सहयोग सराहनीय था।

## खबर संक्षेप

### सिंधु जनजागरण समिति ने किया भक्त कंवर राम नगर में पौधरोपण



**बिलासपुर।** समाजसेवी स्व. आसन दास हिंदूजा एवं पूर्व मुखी स्व डॉ केडी लालचंदानी व कमला देवी लालचंदानी की स्मृति में सिंधु जनजागरण समिति द्वारा भक्त कंवर राम नगर सिंधी कॉलोनी में शनिवार को पौधरोपण सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह पौधरोपण पूज्य सिंधी पंचायत भवन के पास किया गया। पूज्य पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम लालचंदानी एवं सिंधु जनजागरण समिति के अध्यक्ष हरिकिशन गंगवानी, संतोष क्षत्रिय कालू व मनीष गुरवानी, संदीप करीहार तथा पूज्य सिंधी कॉलोनी भक्त कवर रामनगर के मुखी गोपाल सिंधवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोहन मदवानी ने तथा आभार संतोष कालू खत्री ने किया। इस कार्यक्रम में हरीश भगवानी, राम लालचंदानी, हूंदराज जैसवानी, राजू धमेजा, अनिल बजाज बाबू , हेमंत कलवानी, मोहन मदवानी, हरिकिशन गंगवानी, विजय मोटवानी, मनीष गुरवानी, तरुण श्यामदासानी, विजय मोटवानी, हीरा मेघवानी आदि उपस्थित थे।

### योग पीठ हरिद्वार में युवा प्रभारी को मिला स्वामी रामदेव का आशीर्वाद



**बिलासपुर।** योग पीठ हरिद्वार में आयोजित तहसील/ जिला प्रभारी प्रशिक्षण के दौरान बिलासपुर जिला से युवा प्रभारी के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं डॉ. नंद कुमार कर्ष, युवा प्रभारी पतंजलि बिलासपुर को योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज का आशीर्वाद मिला। उनके साथ सह युवा प्रभारी श्यामता कौशिक, योगेश कुमार गुप्ता ,रूपेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज ने योग, स्वदेशी ,राष्ट्र निर्माण और स्वस्थ जीवन शैली को जन-जन तक पहुंचने के लिए युवा भारत के कार्यकर्ताओं की सराहना की। 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित इस शिविर में स्वामी रामदेव महाराज, परमार्थ देव, स्वामी नरेंद्र देव महाराज, आचार्य बाल कृष्ण का सानिध्य रहा। जिले में चल रहे दैनिक योग कक्षा की रिपोर्ट सामाजिक सेवा एवं विभिन्न कार्यों की रिपोर्ट युवा भारत द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वामी रामदेव महाराज ने युवाओं के इस कार्य के लिए सभी की सराहना की। राज्य युवा प्रभारी एवं स्पोर्ट्स योगासन चेयरमैन जयंत भारती गोस्वामी ने बिलासपुर जिले के सभी युवाओं को उनके कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

### डीपी शुक्ल विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक



**बिलासपुर।** द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा के एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मरहीकांपा ब्लॉक तखतपुर में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक किया गया। प्राचार्य रामजी राजपूत ने बताया कि शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख सरपंच मंजूला चंदप्रकाश भार्गव, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी दुर्गा साहू एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जानिक साहू ने किया। इस सात दिवसीय शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिदिन प्रायोजना कार्यक्रम के अंतर्गत नशा उन्मूलन अभियान हेतु रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता, पल्स पोलियो अभियान के साथ-साथ स्कूल के बाउंड्री वाल का रंग रोगन, साफ सफाई का कार्यक्रम बड़े जिम्मेदारी के साथ एन.एस.एस. इकाई के बच्चों द्वारा किया गया। प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर बाहर से आए हुए प्रवक्ताओं द्वारा बच्चों तथा गांव के आम नागरिकों को जानकारी प्रदान किया गया। प्रतिदिन रात 8 बजे से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा उन्मूलन, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं अन्य विषयों पर गीत संगीत व नाटक के माध्यम से आम नागरिकों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक संतराम साहू, रामकुमार साहू, जागेश्वर साहू, सुमित्रा साहू, अमरिका साहू, प्राचार्य श्रीमान रामजी राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी अर्जुन सिंह पोर्ते, सरवन पटेल, लीला पटेल, चंद्रभान पटेल, योगाचार्य भूषण लाल कौशिक, दुकेश पटेल, अंजली पटेल आदि का सहयोग रहा।

**युवाओं के सपनों पर कुठाराघात** | सैकड़ों उम्मीदवार की उम्मीदों पर फेरा पानी, पिछली सब इंस्पेक्टर भर्ती 2011 में आई थी

# 14 सालों में एक भी भर्ती परीक्षा नहीं, आयु सीमा घटाकर 33 वर्ष कर दी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के सपने पर सरकार एक तरह से कुठाराघात कर रही है। 2018 की एक परीक्षा को छोड़ दी जाए तो पिछले 14 सालों में एक भी भर्ती परीक्षा नहीं ली जा सकी है। यदि हर दो साल में भी भर्ती होती तो सात बार परीक्षा ली जा चुकी होती और 2 हजार से अधिक पदों पर युवा सपनों को पूरा करते हुए नौकरी कर रहे होते। इधर राज्य सरकार ने आयू सीमा भी 34 से घटाकर 33 कर दी है। इससे तैयारी कर रहे कई उम्मीदवार बाहर हो गए हैं।



युवाओं का कहना है कि इन वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। वे मांग कर रहे हैं कि उम्र सीमा में कटौती की बजाय कोविड-19 के कारण अन्य राज्यों की तरह आयु सीमा बढ़ाई जाए। दूसरे राज्यों में कोविड के मद्देनजर आयु सीमा बढ़ाकर 36 वर्ष कर दी गई है। इसलिए छग में भी आयु सीमा को बढ़ाकर 36 वर्ष किया जाए, ताकि अधिक उम्मीदवार इसमें शामिल हो सकें। यही नहीं सामान्य वर्ग के युवाओं का कहना है कि अब नई भर्ती में एक वर्ष की कटौती कर दी गई है, जिससे हजारों उम्मीदवार परीक्षा देने से वंचित हो रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछली सब इंस्पेक्टर भर्ती वर्ष 2018 में निकाली गई थी। इस भर्ती को लेकर कई विवाद हुए और कोर्ट-कचहरी के साथ ही कोविड-19 महामारी के चलते इसे पूरा करने में सात वर्ष लग गए। यहां यह भी ध्यान रहे कि 2018 की भर्ती के लिए उम्र सीमा सामान्य वर्ग के लिए 34 वर्ष निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद, भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में सात साल लग गए। इस दौरान, 2024 में नई सब इंस्पेक्टर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई, जिसमें 341 पदों पर भर्ती की घोषणा हुई। लेकिन इस बार सामान्य वर्ग की अधिकतम आयु सीमा घटाकर 33 वर्ष कर दी गई। इस फैसले से हजारों उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो गए हैं।

### एक- दो महीने के अंतर से बाहर हो गए हजारों

इसके साथ ही सामान्य युवाओं ने उम्र सीमा में कटौती के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया है। दरअसल राज्य सरकार द्वारा 341 पदों पर एसआई भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इसमें सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 34 वर्ष से घटाकर 33 वर्ष कर दी गई है। इस कारण हजारों उम्मीदवार सिर्फ एक दो महीने के आयू के अंतर से बाहर हो गए हैं। इसके विरोध में प्रदेश भर के युवाओं ने गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस फैसले को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही कहा गया है कि 2018 की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में सात साल लग गए। यह भर्ती समय पर पूरी हो जाती, तो वे इस नई भर्ती में शामिल होने के लिए योग्य होते।

### समर्थन में उतरे ननकीराम, सीएम से मुलाकात

इन युवाओं के समर्थन में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम उतर गए हैं। युवाओं को साथ लेकर श्री कंवर ने मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और एडीजी कल्लूरी से मुलाकात की है। सीएम विष्णूदेव साय को बताया गया कि इस आदेश से हजारों उम्मीदवार परीक्षा से वंचित हो जाएंगे। एक तो सालों साल भरती नहीं निकलती और अगर निकलती भी है तो अधिकारियों की छोटी सी गलती के कारण प्रतिभागी के सामने भविष्य को लेकर संकट उत्पन्न हो जाता है। युवाओं ने सीएम को बताया कि एक वर्ष की उम्र कटौती की शिकायत कई बार शासन प्रशासन से की गई लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है।

### 2012 में ग्रेजुएशन तो एक बार ही मिला मौका

युवाओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एसआई भर्ती को लेकर हमेशा लापरवाही दिखाई है। पहले 2018 की भर्ती में देरी, फिर 2024 की नई भर्ती में उम्र सीमा घटाकर सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। युवाओं के मुताबिक यदि कोई युवा 2012 में स्नातक होता है तो उसे सिर्फ 2018 में सिर्फ एक बार भर्ती परीक्षा का मौका मिला होगा। यह केवल उनके अधिकारों की बात नहीं है, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य का सवाल है। इन उम्मीदवारों ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर में उप निरीक्षक सहित जिन पदों के लिए आवेदन मांगा गया था, उससे संबंधित टेंडर एक बार फिर से रद्द कर दिया गया है। यह दूसरी बार है, जबकि पुलिस मुख्यालय द्वारा भर्ती परीक्षा संबंधित टेंडर रद्द किया गया है। हालांकि भर्ती प्रक्रिया जारी रहने की बात कही गई है।

कोपरा जलाशय को शासन ने रामसर साइट घोषित किया

# सैलानियों के लिए क्षेत्र को विकसित करने की तैयारी कर रहा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोपरा जलाशय को शासन ने रामसर साइट घोषित कर दिया है। इस घोषणा के बाद सैलानियों के भ्रमण और उनके पिकनिक के लिए वन विभाग ने इस क्षेत्र को विकसित करने की तैयारी शुरु कर दी है, जिसके साथ कोपरा के बगल में बने स्मृति वाटिका में अलग-अलग वर्गों के लिए कार्य किया जाएगा। इन सभी कार्यो के लिए प्रोजेक्ट बनाने का आदेश वन विभाग के अफसरों को दिया गया है, ताकि राशि स्वीकृति के साथ काम की शुरुआत की जा सके।

बिलासपुर से तखतपुर के बीच वन विभाग के तीन पर्यटन स्थल हैं, जिसमें कानन पेण्डारी मिनी जू, स्मृति वाटिका के साथ अब कोपरा जलाशय भी वन विभाग के हिस्से में आ गया है। कोपरा जलाशय को अब तक जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी में दिया गया था। शासन ने कुछ दिन पहले कोपरा जलाशय को अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में रामसर साइट का दर्जा प्रदान कर दिया है, जो छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट बना है। जलाशय के विस्तृत खुले जल क्षेत्र में उथले और पोषक तत्वों से समृद्ध बैकवाटर मौजूद हैं, जो इसे पारिस्थितिकी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बनाते हैं। यहां 60 से अधिक प्रवासी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं, जो घोंसले बनाने, भोजन और प्रवास इस पर निर्भर रहती हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षी अवलोकन के कारण यह स्थल स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। हालांकि, गाद जमाव, आक्रामक प्रजातियों और कृषि विस्तार के कारण यह क्षेत्र खतरे का सामना कर रहा है। रामसर साइट के रूप में मान्यता मिलने से स्थानीय समुदायों को सतत आजीविका, इको-टूरिज्म, प्राकृतिक संपदाओं के संरक्षण और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा और गति मिलेगी। देश में रामसर साइट्स की संख्या बढ़कर 96 हो गई है, जबकि वर्ष 2014 में यह संख्या केवल 26 थी। कोपरा जलाशय के पहले स्मृति वाटिका को 2003 में बनाया गया था, ताकि सैलानी यहां भ्रमण करने के साथ पिकनिक का भी आनंद ले सकें। स्मृति वाटिका के साथ कोपरा जलाशय को विकसित करने की घोषणा होने के बाद मुख्यालय के उच्च अधिकारी भी लगातार बिलासपुर में दौरा कर रहे हैं, जिसके बाद उन्होंनें वन विभाग की टीम को नया प्रोजेक्ट बनाने का आदेश भी दे दिया है। यह कार्य अगर हो जाता है तो इससे कोपरा जलाशय का संरक्षण होने के साथ सैलानियों को एक नया पिकनिक स्पॉट भी मिलेगा, जहां वे अपने परिवार के साथ घूमने फिरने जा सकेंगे। 25 अप्रैल 2002 को बनाई गई स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गई है। 36 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्मृति वाटिका का निर्माण इसलिए किया गया था, ताकि लोग अपने पूर्वजों की याद में पौधे लगा सकें। मेंटनेंस के नाम पर 500 से 1000 रुपए भी लिए जाते थे। 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई।

#### पीसीसीएफ ने किया दौरा



शुक्रवार को कोपरा जलाशय के साथ स्मृति वाटिका और कानन पेण्डारी जू का प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोपरा जलाशय को रामसर साइट की घोषणा करने के बाद सैलानियों के लिए विकसित किया जाना है, जिसके लिए काम की शुरुआत की जाए। स्मृति वाटिका का दौरा करने के दौरान उन्होंने अफसरों को सभी वर्गों के लिए पिकनिक स्पॉट, बच्चों के लिए झूले व अन्य कार्य सहित दूसरे कार्यों को करने प्रोजेक्ट बनाने का आदेश दिया। इसके बाद वन चेतना केन्द्र में बिलासपुर वन वृत्त के 10 वन मंडलों कें डीआरएम व अन्य अफसरों के साथ बैठक लेकर विभागीय समीक्षा की। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी अरूण पांडे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक जगदीशन, मुख्य वन संरक्षक रामवतार दुबे, मुख्य वन संरक्षक मनोज पांडेय, अभिषेक सिंह, सभी डीआरएम, एसडीओ व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

#### नए स्तर से तैयारी

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और अन्य उच्चाधिकारियों ने कोपरा जलाशय, स्मृति वाटिका व कानन पेण्डारी जू का निरीक्षण करने के साथ समीक्षा बैठक वन चेतना केन्द्र में ली। इस दौरान कोपरा जलाशय के साथ स्मृति वाटिका को नए स्तर से विकसित करने के लिए प्रोजेक्ट बनाने का आदेश दिया गया है, जिसपर जल्द ही काम शुरु किया जाएगा।

-**नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

### बिलासपुर-बुढ़ार सेक्शन की जांच करने निकले नए डीआरएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार को बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम ने पदभार ग्रहण करने के बाद बिलासपुर से बुढ़ार सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन में पैनल रूम, क्रू लॉबी, क्रू रेस्ट रूम, रनिंग रूम और स्टेशन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को देखकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने निर्देश दिया। अनूपपुर स्टेशन में बिजली की निरंतर एवं सुरक्षित आपूर्तित सुनिश्चित करने उपलब्ध ट्रैक सब स्टेशन एवं विद्युत उपकरणों का बारिकी से निरीक्षण करने के बाद नवनिर्मित रोड ओवरब्रिज पर गर्डर लांचिंग कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बुझार स्टेशन में परिसर के साथ सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन प्रणाली को चेक करने के बाद बुढ़ार से अमलाई स्टेशन के बीच स्थित समपार फाटक जाकर वहां सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक के श्रीनिवास सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### पीसीएसओ सतपथी का श्रमिक यूनियन ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे बिलासपुर के नवनियुक्त प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी पीसीएसओ के पद पर कार्यभार संभालने के लिए अनूप सतपथी हावड़ा-मुम्बई मेल से बिलासपुर स्टेशन पहुंचे।

जोनल रेलवे स्टेशन में उनका स्वागत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों ने किया। प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी के पदभार ग्रहण करने वाले अनूप सतपथी की रेल में कैरियर की शुरुआत बिलासपुर डिवीजन के शहडोल से हुई थी, जहां वे 1997 में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। इसके उपरांत उन्होंने बिलासपुर, नागपुर व रायपुर मंडल में महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया।

वर्तमान में श्री सतपथी गोरखपुर में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, जिसके बाद उनका ट्रांसफर बिलासपुर में किया गया है। स्टेशन में स्वागत के दौरान श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी संजय सिन्हा, सी नवीन कुमार, के अमर कुमार, पीके यादव, पी श्रीनिवास राव सहित अन्य सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### 450 परीक्षार्थियों ने दी बिलासा सेवा समिति की राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा



**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति बिलासपुर केवट (निषाद) समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 25 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय (छ.ग.) मछुआ समाज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025–26 सफलता पूर्वक संपन्न हो गया।

यह प्रतियोगिता प्रदेश के तीन प्रमुख केंद्रों बिलासपुर, रायपुर एवं राजनांदगांव में एक साथ आयोजित की गई, जिसमें 450 से अधिक परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बंगाली स्कूल रेलवे परिक्षेत्र में रखा गया था। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज के छात्र-छात्राओं में शैक्षणिक जागरूकता, आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। इस प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार कुल 51,000/- की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह जनवरी 2026 में किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज के शैक्षणिक उत्थान एवं बौद्धिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही समिति की ओर से आगामी भविष्य में इससे भी बड़े स्तर पर प्रतियोगिता एवं अन्य शैक्षणिक आयोजनों के आयोजन का आश्वासन दिया गया। इस सफल आयोजन के लिए बिलासा सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों, आयोजन समिति एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियोंको शुभकामनाएं दी गईं।

### प्रशासन गांव की ओर अभियान में दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल

**बिलासपुर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत तखतपुर ब्लॉक के छतौना ग्राम पंचायत में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान से ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से आसपास के 10-15 गांव के लोगों को एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की सुविधा दी जा रही है। शिविर में छतौना सहित आसपास के 10 गांव के करीब सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर योजनाओं का लाभ उठाया। इस दौरान अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के नए भवन का भी लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान से ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है।

### शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय एसआईएच स्पर्धा में प्रथम



**बिलासपुर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एस.आई.एच.) 2025 में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के छात्रों ने विजेता बनकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिसंबर 2025 को पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जयपुर (राजस्थान) में आयोजित की गई थी। ईआरपी आधारित इंटीग्रेटेड स्टूडेंट मैनेजमेंट सिस्टम समस्या कथन के लिए देश भर से लगभग 500 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष 5 टीमों का चयन ग्रेंड फिनाले के लिए किया गया। इन चयनित टीमों के मध्य हुए फाइनल राउंड में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस हैकाथॉन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने ईआरपी आधारित इंटीग्रेटेड स्टूडेंट मैनेजमेंट सिस्टम विकसित कर प्रस्तुत किया । जो किसी शैक्षणिक संस्था में प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क भुगतान, छात्रावास आबंटन, कक्षा उपस्थिति, परीक्षा फॉर्म भरने सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का एकीकृत एवं डिजिटल प्रबंधन करता है। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के टीम में सीएच शकिश, कन्हैया लाल साहू एवं अंशु कुमार भगत तथा वेंकटेश बड़गईयां, अभिनव प्रामाणिक एवं अपूर्वा सोनी सहित कुल 6 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। इनके टीम का नाम टीएलई स्मैशर था। छात्रों ने बताया कि इस सफलता के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई के साथ साथ महाविद्यालय के हैकाथॉन प्रभारी राहुल गुप्ता एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. सिंघई ने कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

### मतदाता सूची प्रकाशन के बाद नाम जोड़वाने आवेदनों का सिलसिला शुरू

**बिलासपुर।** एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन हो गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में बड़ी संख्या में विभिन्न कारणों से मतदाताओं के नाम कटे हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने दावा-आपत्ति के लिए 22 जनवरी तक की मोहलत दी है। इस बीच नाम कटे वाले मतदाताओं के नाम जोड़वाने आवेदनों का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

एसआईआर तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को हुआ है और उसके बाद चार दिनों के भीतर ही 418 लोगों के आवेदन नाम जोड़ने के लिए आ गए हैं। वहीं मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन के पहले ही 128 लोगों ने आवेदन दिया है। इस तरह से एसआईआर में नाम कटने के बाद मतदाता फिर से नाम जोड़वाने निर्धारित प्रारूप 6 में आवेदन दे रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने दावा आपत्ति के लिए 22 जनवरी तक तिथि निर्धारित की है। बिलासपुर जिले 6 विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 63 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनमें मृतक, शिफ्टिंग वाले तथा जिन लोगों ने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए नो मेपिंग वाले मतदाता शामिल हैं। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदाताओं को जैसे-जैसे पता चलते जा रहा है वे अपना नाम पुनः मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन दे रहे हैं। दावा आपत्ति तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन लेने क्लस्टर में बीएलओ अलग-अलग जगहों पर बैठ रहे हैं और प्रतिदिन जितने भी आवेदन आ रहे हैं उसकी रिपोर्टिंग जिला निर्वाचन कार्यालय को की जा रही है। दावा आपत्तियों के निराकरण एवं नए आवेदन वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

■ **चार दिनों के भीतर ही 418 लोगों ने दिए आवेदन**



## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ बिलासपुर की मासिक बैठक 28 दिसम्बर रविवार को शाम 4.30 बजे से अनुभव भवन बृहस्पति बाजार के पास होगी। संघ के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित बताया कि कार्यक्रम की शुरुवात ज्योति वैष्णव के कत्थक नृत्य से होगी। इस बैठक में आगामी माह पिकनिक के लिए एवं माह मार्च में हो ने वाले प्रांतीय सम्मेलन पर विचार विमर्श होगा।

### बहतराई सकरी में श्रीमद भागवत कथा आज से

**बिलासपुर।** ग्राम बहतराई सकरी में स्व. सुशील कौशिक की स्मृति में 28 दिसंबर से श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 5 जनवरी को गीता पाठ, तुलसीवर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, विसर्जन के साथ होगा। कौशल प्रसाद कौशिक ने बताया कि इसमें कथा वाचक आचार्य अभय शर्मा गुमा बिल्हा वाले अपनी मधुरवाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान कराएंगे। मुख्य यजमान विमला कौशिक, बुधराम कौशिक होंगे।

### झांसा देकर 17 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पार्टनरशिप में हाइवा खरीदने का झांसा देकर 17 लाख की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, मधुसूदन हाईट्स निवासी वैशाली सिरामे ने रिपोर्ट लिखाई। पड़ोसी सचिन कुमार मानिकपुरी पिता समारू दास मानिकपुरी 28 साल कोल माइंस कोरबा में कार्यरत है। उसके द्वारा कोल माइंस में हाइवा वाहन लगाकर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर पार्टनरशिप में हाइवा खरीदने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4, 336, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सचिन कुमार मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया है।

### फिकल स्लज प्रबंधन पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना सभाकक्ष में प्लास्टिक अपशिष्ट एवं फिकल स्लज अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ ने नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की। खरीददारी करते समय अपने साथ कपड़े के थैले रखें।

**रतनपुर बाइपास से जुड़ेगा**

**तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्वीकृति, 60 करोड़ रुपए का प्रस्ताव**

# अशोकनगर-बिरकोना मार्ग बनेगा शहर का दूसरा फोरलेन गौरवपथ, 17 करोड़ होंगे खर्च

**बिलासपुर।** शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके पहले महाराणा चौक से मंगला चौक तक रिंग रोड 2 को गौरवपथ नाम दिया गया है। इसके साथ ही दूसरे चरण में 3 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण कर इसे रतनपुर बाइपास रोड से



जोड़ा जाएगा। अरपा किनारे इंदिरा सेतु से रामसेतु तक अटल पथ के निर्माण के लिए 9.73 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पर 5.08 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। निगम कमिश्नर ने इसके साथ ही अपोलो रोड, दयालबंद रोड में निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

बिलासपुर की तीन सड़कों का नवीनीकरण कर उनको विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत परियोजनाओं के लिए 60 करोड़ का प्रस्ताव है, जिसमें 31.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नवपदस्थ कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे सुबह सात बजे निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जारी निर्माणाधीन कार्यों के साइट पहुंच गए। जहां उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम कमिश्नर सबसे पहले अपोलो रोड पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने काम को तेजी से और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा करने कहा।

### पांच करोड़ में नाला और डामरीकरण का काम

इसके बाद निगम आयुक्त गुरूनानक चौक से राजकिशोर नगर तिराहा तक शुरू किए गए नाला निर्माण और डामरीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर काम पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। ज्ञात हो कि गुरूनानक चौक से राजकिशोर नगर चौक तक पांच करोड़ की लागत से सीएम नगरोत्थान योजना के तहत नाला निर्माण और डामरीकरण कार्य शुरू किया गया है। निगम कमिश्नर ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत मंगला और कोनी में निर्माणाधीन एसटीपी, सड़क और नाला प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया।

### अशोक नगर, मंगला वाली सड़क भी बनेगी

निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने अशोक नगर-बिरकोना सड़क की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया और अशोक नगर चौक से बिरकोना तक बनाए जाने वाले गौरव पथ को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। विदित है कि अशोक नगर चौक से बिरकोना तक सड़क को चौड़ा कर मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत लगभग 17 करोड़ की लागत से गौरवपथ बनाया जाएगा। इसी तरह मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत ही मंगला चौक से आजाद चौक तक पांच करोड़ की लागत से सड़क बनाया जाना है,जिसे अविलंब शुरू करने के निर्देश निगम कमिश्नर ने दिए।

### एक महीने में बन जाएगी अपोलो वाली सड़क

अगले एक महीने में मतलब कि 30 जनवरी तक अपोलो चौक से मानसी लाज तक प्रथम चरण के सड़क निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। ध्यान रहे कि 10 करोड़ की लागत से अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक तीन हिस्सों में नाली और सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें अपोलो चौक से मानसी लाज तक आधे से अधिक के कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद मानसी लाज से अमरैय्या चौक तक अतिक्रमण को हटाने के बाद पेड़ शिफ्टिंग किया गया है और अभी नाली निर्माण जारी है।



# बाउंड्रीवाल तोड़ने के दौरान बाल-बाल बचे निगम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता की कार्रवाई के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

मगरपारा रोड के पास होटल व्हाइट रोज के सामने अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान अचानक दीवार गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आने से निगम कर्मचारी संतोष वर्मा, शिव जायसवाल बाल-बाल बच गए। अचानक गिरी दीवाल के कारण इन्हें संभलने का मौका ही नहीं मिल पाया। हालांकि ऐन वक्त पर छलांग लगाने के कारण किसी भी कर्मी को चोंट नहीं पहुंची। दरअसल मगरपारा में किम्स हास्पिटल के पास होटल व्हाइट रोज है। निगम से इसका नक्शा पास है लेकिन इसके संचालक ने इसके विपरीत जाकर बिना अनुमति बाउंड्रीवाल बना ली है। 6 फीट ऊंची यह दीवार सड़क पर बनाई गई है। इसके कारण कई बार दुर्घटना की आशंका होती है। इसके साथ ही सड़क भी संकरी हो गई है। आस पास के लोगों ने इसकी शिकायत निगम से की थी। निगम की ओर से संचालक को नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद भी बाउंड्रीवाल निर्माण नहीं रोका गया। शनिवार की दोपहर निगम की टीम मौके पर पहुंची और दीवाल पर बुलडोजर चला दिया। निगम कर्मियों को लेकिन इसकी आशंका नहीं थी कि पूरी दीवार एक साथ गिर जाएगी। दीवार को दूसरी तरफ गिरना था लेकिन जिस तरफ निगम कर्मी खड़े थे उसी तरफ गिर गई।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, शराब पीकर हंगामा मचाने पर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी पुलिस को अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिल गई है। शराब दुकान के पास नशे में हंगामा मचाने पर तीन लोगों ने मारपीट कर हत्या की थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी पहले से जेल में बंद है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, 7 दिसंबर 2025 को हिर्री माइंस इंद्रपुरी निवासी प्रहलाद साहनी गांव से बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने शहर आए थे। 8 दिसंबर को उनकी सकरी शराब दुकान के पास लाश मिली थी। शरीर में चोट के निशान थे। पुलिस हत्या मानकर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज व आडियो मिला। जिसमें रात 11.30 बजे किसी व्यक्ति के द्वारा गाली गलौज व अन्य व्यक्तियों से बहस की आवाजें आ रही थीं। इसी समय सकरी बजरंगपारा निवासी प्रियनाथ वर्मा उर्फ बाबू अण्डा पिता संजय वर्मा 25 साल पूर्व में दर्ज बीएनएसी की धारा 75, 2, 296, 351, 2 के प्रकरण में सकरी थाने में सरेंडर करने उपस्थित हुआ। उसके व्यवहार से पुलिस को संदेह हुआ। 20 दिन तक प्रियनाथ



वर्मा उर्फ बाबू के घटनाक्रम की कड़ियों की जांच की गई, जिससे खुलासा हुआ कि घटना के दिन मृतक शराब दुकान के पास नशे में गाली गलौज कर रहा था। शोर सुनकर वहां रहने वाले प्रियनाथ वर्मा उर्फ बाबू, उसके दोस्त सकरी निवासी पुरूषोत्तम वर्मा उर्फ आसाराम पिता शंकर वर्मा 19 साल, प्रियांशु वर्मा पिता संतोष वर्मा 19 साल ने मृतक को गाली गलौज करने से मना किया, जिससे उनके बीच विवाद बढ़ गया अैर तीनों ने मृतक के साथ मारपीट की और वह गिर गया तो उसे उसी अवस्था में छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने पुरूषोत्तम वर्मा उर्फ आसाराम, प्रियांशु वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी प्रियनाथ वर्मा उर्फ बाबू पहले से जेल में बंद है।

# दो सूने मकानों में जेवर व नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरों ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी महामाया रेसीडेंसी में किराए के मकान में रहने वाली वर्षा दुबे पिता अखिलेश कुमार दुबे जीजीयू में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शोधार्थी हैं। 26 दिसंबर के शाम 7 बजे वे अपने परिचित के यहां विद्यानगर चली गई थीं। 27 दिसंबर की सुबह 7 बजे उनको कालोनी के लोगों ने फोन कर जानकारी दी उनके मकान में चोरी हो गई है। वे मकान मे जाकर देखीं तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी हो गए थे। दूसरी घटना में सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर निवासी संगीता कोशले पिता हेमंत कुमार 25 दिसंबर को खाना खाकर अपने कमरे के दरवाजे में ताला लगाकर मकान मालिक के बुआ के साथ उनके कमरे में सो गई थीं। दूसरे दिन वे घर गई तो चोरी हो गई थी। चोरों ने उनके घर से सोने का फर, पायल, 7 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन करने समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर। बिलासपुर।** जिले के रतनपुर तहसील के ग्राम रतनपुर में हेलीपेड से बादल महल तक सड़क निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम रतनपुर में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि रतनपुर में भू-अर्जन से 0.12 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने क्षेत्रवासियों से भी सहमति लिया गया। इसमें पाया गया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रही है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। सामाजिक समाघात दल द्वारा यह पाया गया है कि अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। समाघात दल इस बात से संतुष्ट है कि लोक निर्माण विभाग को जितनी भूमि की आवश्यकता है उतनी ही भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारते 24 बुलेट जब्त



**बिलासपुर।** पुलिस ने अभियान चलाकर मॉडिफाइड कर साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारते 24 रायल एनफील्ड बुलेट सवारों को पकड़कर गाड़ी जब्त कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के थानेदारों को अभियान चलाकर मॉडिफाइड गोली चलने की आवाज निकालने वाले साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारने वाले रायल एनफील्ड बुलेट सवारों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, अभियान के दौरान सिविल लाइन में 10, सरकण्डा में 7, तारबाहर में 2, सकरी में 1, तोरवा में 2 रायल एनफील्ड बुलेट को पकड़कर जांच की गई। सभी बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाया गया है। पुलिस ने सभी बाइक जब्त कर चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह बिना नम्बर के प्लेट के बुलेट चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।




# कोनी थाना से हथकड़ी खोलकर भागा आरोपी 4 माह बाद गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोनी थाना से हथकड़ी खोलकर भागने वाले अनाचार के फरार आरोपी को 4 माह बाद पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है।



कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, नाबालिग से अनाचार के मामले में मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल को गिरफ्तार कर कोनी थाना में रखा गया है। 15 अगस्त की रात वह थाने से हथकड़ी खोलकर भाग गया था। आरोपी के खिलाफ थाने में बीएनस की धारा 262 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। आरोपी के भागने पर इस दौरान कोनी थाना से दो आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव को निलंबित कर दिया गया था। तत्कालीन टीआई के द्वारा फरार आरोपी को पकड़ने का कोई भी प्रयास नहीं किया गया था। टीआई श्री शेंडे ने पेडिंग मामले का अवलोकन कर उक्त फरार आरोपी के पतासाजी की गई। काफी मशक्त के बाद आरोपी के प्रयागराज भागने की जानकारी मिली। उनके निर्देश एएसआई अशोक चौरसिया, आरक्षक विजेन्द्र सिंह, उदय पाटले ने प्रयागराज में दबिश देकर मार्केट में घूमते हुए आरोपी स्वरित सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।






## खबर संक्षेप

### 2 करोड़ 75 लाख से बनेगा 100 सीटर आदिवासी छात्रावास



**बेलतरा।** विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयास से अंचल को एक बड़ी सौगात मिली है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत करमा स्थित शासकीय हाई स्कूल में 2 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से पीवीटीजी और अन्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 100 सीटर बालक छात्रावास की स्वीकृति मिली है। इस छात्रावास के निर्माण से अंचल के पीवीटीजी और अन्य एसटी छात्रों को एक बड़ी सुविधा मिलेगी। यह स्वीकृति भारत सरकार स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से दी गई है। समग्र शिक्षा विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति पत्र जारी कर क्रियान्वयन एजेंसी आरईएस विभाग को बनाया है।

### रासेयो शिविर में दिया गया नशामुक्ति का संदेश



**मल्हार।** बद्रीप्रसाद देवांगन मध्य नगरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शासकीय पूमा शाला जुनवानी में 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान समाजसेवा, राष्ट्र निर्माण एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर प्रेरक गतिविधियां आयोजित की गईं। धनेश रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी करुणेश नापित ने किया। शिविर में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

### क्षत्रीय समाज उपसमिति की बैठक संपन्न



**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रीय समाज उपसमिति की बैठक बरेला माहाराण प्रताप मंगल भवन में अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान समाजिक सदस्यता एवं उपसमिति की ओर से मनोनीत सदस्य अशोक सिंह बरेला, कोमल सिंह भठलीकला व रामकिशोर सिंह का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगवान सिंह, राम सिंह, शिवपाल सिंह, हीरा सिंह, रामवतार सिंह, श्रवण सिंह, गुलशन सिंह, राजू सिंह, आशीष सिंह, दुष्यंत सिंह, बलराम सिंह, शंकर सिंह, रामसनेही सिंह, लक्ष्मण सिंह, कौशल सिंह, सुखदेव सिंह, गजानंद सिंह, जयसिंह, दिलका सिंह, धीरेंद्र सिंह, बलदाऊ सिंह, राकेश सिंह, राजा ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राज्य ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत सरपंचों को दिया जाएगा प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सरपंचों के लिए राज्य ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 2 दिसम्बर से विभिन्न पालियों में संचालित है, जिसकी आगामी पाली 5 जनवरी से प्रारंभ होगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य सरपंचों को पंचायत प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों की भूमिका, अधिकार एवं दायित्वों के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से ग्राम पंचायतों के कार्यों में दक्षता एवं प्रभावशीलता बढ़ेगी तथा ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान सरपंच मौजूद रहे।

### मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिले में तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों की रोकथाम एवं ओरल हेल्थ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि तंबाकू सेवन केवल मुंह को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। तंबाकू के कारण ओरल कैंसर सहित कई जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## महिला सम्मेलन में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव व तोखन

# महिला सशक्तिकरण से ही भारत बनेगा सशक्त: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने शनिवार को लोरमी डिंडौरी मंडल के साल्हेघोरी में विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होकर स्वदेशी अपनाने और सशक्त भारत में अपनी भूमिका निभाने संकल्पित किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और लखपति दीदी योजना जैसी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से माताओं-बहनों में नया उत्साह, आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं।

आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था- श्री साव ने कहा कि, माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना से हजारों माताएं लाभान्वित होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी रही हैं। सरकार के इन सतत प्रयासों से महिलाएं आज हर क्षेत्र में सशक्त बनकर आगे बढ़ रही हैं। श्री साव ने आगो कहा कि, विदेशी संस्कार, शिक्षा के जरिए विदेशी आक्रमण से देश को कमजोर किया। विदेशी वस्तुओं के बढ़ते आकर्षण से देश के उद्योग और अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ। मोदी जी के पहले सबसे खराब अर्थव्यवस्था थी, आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। पीएम मोदी ने बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया- केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया। सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया गया।



### साहिबजादों का जीवन धर्म पर अडिग रहने की प्रेरणा: तोखन



**लोरमी।** धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर साहिबजादे जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू लोरमी स्थित गुरुद्वारे पहुंचे एवं साहिबजादों के अद्भुत शौर्य, त्याग और बलिदान का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि, वीर साहिबजादों का जीवन सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की अनुपम प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि, वीर साहिबजादों का बलिदान सदैव राष्ट्र और समाज को नैतिक मूल्यों, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता रहेगा। इस अवसर पर वे लोरमी पुलिस थाने में आयोजित लंगर सेवा में भी सम्मिलित हुए, और सेवा भाव के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

सम्मेलन में मुंगेली महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजना देवी दास, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, जिला पंचायत सदस्य रत्ना काटले, जनपद सदस्य रेखा साहू, धनीराम यादव, गुरमीत सलुजा, विनय साहू, दिनेश साहू, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू, रवि शर्मा, महाजन जायसवाल, सन्तोष साहू फौजी, डॉ अशोक जायसवाल, दिनेश कश्यप, विश्वास दुबे, अशोक साहु, राजेंद्र साहू, घँशु राजपूत, मिंटू अग्रवाल, सोहन डड़सेना, नरेंद्र खत्री, अभिषेक पाठक, महेंद्र खत्री, माधव तिवारी, घनश्याम यादव, छेदु यादव, घनश्याम खत्री, श्रेय त्रिपाठी, मुकेश जायसवाल, देवेंद्र केशरवानी, पवन गुप्ता, हरिकिशन खत्री, खडानन कश्यप, संदीप सोनी, विकास केशरवानी, हितेश सापरिया, दुष्यंत खत्री, रेखा ठाकुर, गुलाबा बाई, ललिता सोनी, अनसूइया बाई महिला जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच, महिला मोर्चा पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता की उपस्थिति रही।

### श्रीरामचरित मानस में शामिल हुए

लोरमी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ग्राम कोतरी में आयोजित श्रीरामचरित मानस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ ही उन्होंने नगर के साहू समाज की धर्मशाला का भी लोकापर्ण किया।

### गर्ल्स कालेज में मना वीर बाल दिवस



**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह रही एवं अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक मदन लाल कश्यप ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. प्राची सिंह ने कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत एवं वीरता को याद रखने हेतु समर्पित है। श्री कश्यप ने कहा कि दोनों बालकों ने धर्म और सच्चाई के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया जो उनके शौर्य पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह दिन न केवल एक ऐतिहासिक घटना का याद दिलाता है बल्कि यह दिन आज के बच्चों में निडरता और सत्यनिष्ठा के मूल्यों से जोड़ते हुए कृत संकल्पित होकर अपने आप को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार शर्मा ने और आभार प्रदर्शन राजेश कुमार घोंसले ने किया। समस्त प्राध्यापक राजेश कुमार घोंसले, प्रेमा केरकेट्टा, अविनाश राठौर, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. डेजी रानी दिवाकर, नीतू राजपूत, कार्यालयीन कर्मचारी बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती और बड़ी संख्या में छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सिख समाज ने निकाली मौन रैली



लोरमी। सिख समाज की ओर से शहीदी सप्ताह के अंतर्गत मौन रैली निकाली गई, जो गुरुद्वारे से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड और फव्वारा चौक होते हुए गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा में संपन्न हुई। रैली में सिख समाज के पुरुष और महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों के तैल चित्रों के सामने मोमबत्तियां जलाकर उनकी शहादत नमन किया गया। रैली के दौरान गुरु गोबिंद सिंह के परिवार के बलिदान और सिख समाज के धर्म रक्षा में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर समाज के महिला, पुरुष, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बोड़तरा, गोंडखाम्ही में होगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**लोरमी।** मां गंगा देवी पब्लिक स्कूल बोड़तरा कला एवं गोंडखाम्ही स्कूल में एक बार फिर बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से महाविद्यालय स्तर के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। विद्यार्थी प्रतियोगिता में जोश व उत्साह के साथ हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार लैपटॉप, द्वितीय पुरस्कार कंप्यूटर व तृतीय पुरस्कार के रूप में रेंजर साइकल प्रदान की जाएगी। संस्था प्रबंधक तुलाराम साहू, प्राचार्य जितेंद्र पाठे एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का उद्देश्य है कि, पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक विकास हो, साथ ही देश दुनिया की सामान्य जानकारी भी प्राप्त हो।

### शीतला विद्या मंदिर कुकुसदा के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**पथरिया।** क्षेत्र की शीतला विद्या मंदिर कुकुसदा सह मां शीतला विद्या मंदिर कंचनपुर टोनहीचुवा विद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़, बौद्ध मंदिर, खैरागढ़ विश्वविद्यालय का दर्शन कराया। सभी बच्चों ने मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ दर्शन किया एवं उड़न खटोला में सफर का आनंद उठाया।इस दौरान सभी ने डोंगरगढ़ परिसर को साफ-सुथरा कर स्वच्छता का संदेश दिया। शैक्षणिक भ्रमण में 65 बच्चों ने सहभागिता निभाई। साथ ही संचालक गौकरण प्रसाद जायसवाल, प्रधान पाठिका ऋतु जायसवाल, प्रभारी अंशिका दयाल, लक्ष्मीन साहु मधु मरकाम, स्टेला दयाल, निशा बर्मन, कविता डहरिया, स्वाति राजपूत, रीना कोशले, सविता निर्मलकर, सीमा नेताम, मधु जायसवाल, ईशा गेंदले, पूजा गेंदले, अंजली मिरी, रितिका मार्को, रविशंकर निषाद, ज्ञाननिदि लाल, गोवर्धन पोर्ते, कल्याण निषाद, मोतीलाल जायसवाल आदि शामिल रहे।

## किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत रोपे गए 98 हजार से अधिक पौधे



**मुंगेली।** मुंगेली वनमंडल अंतर्गत संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।

योजना के तहत अब तक कुल 98 हजार 800 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है, जिससे 93 किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं। वनमंडलाधिकारी कार्यालय, मुंगेली द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस योजना से किसानों की आय में वृद्धि हुई है, वहीं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला है। बड़े पैमाने पर पौधारोपण से ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने, बढ़ते तापमान पर नियंत्रण, वर्षा में सहायक भूमिका तथा मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद मिल रही है। इसके अतिरिक्त पौधारोपण से बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, भू-जल स्तर में गिरावट को रोकने तथा वायु प्रदूषण में कमी लाने में भी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जल स्तर को संतुलित रखने में यह योजना विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हो रही है।

## हिंदू सम्मेलन: सामाजिक एकता धर्म के प्रति जागरूकता पर जोर




**पथरिया।** सामाजिक समरसता, युवाओं में धर्म के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण के उद्देश्य से पथरिया के सिलतरा मंडल के ग्राम पंचायत जोता में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध योग शिक्षक भुनेश्वर राजपूत रहे एवं अध्यक्षता लता राजपूत ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव मौजूद रहे। सम्मेलन में सुरताल मानस मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी को मोहित कर दिया। मुख्य अतिथि भुनेश्वर राजपूत ने स्वस्थ जीवन शैली पर जोर देते हुए कहा कि, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर योग को अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्ष लता राजपूत ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि, समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि है। मुख्य वक्ता उत्तर यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा को विस्तार से बताया, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पूरे देश मे पंच परिवर्तन के विषय मे विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक हरिशंकर वर्मा, सह संयोजक टीकाराम राजपूत, कोषाध्यक्ष रिंकू सिंह ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष राजेश यादव, रामावतार साहू, जिपं सभापति अनिला सिंह राजपूत, जसपाल सिंह, ओमू दीवान, लोकेश साहू, राजेन्द्र साहू, रामरतन, हरबंस वर्मा, रामेश्वर वर्मा, नारद, राजेश बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, नंद कुमार ठाकुर, पुनित राम साहू, गुलाब सिंह, समेलाल वर्मा, परमेश्वर, शेषणारायन, निलकुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिले के एक लाख लोगों ने नहीं कराई ईकेवाईसी, रुका दिसंबर माह का राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के 1 लाख लोगों का ई-केवाईसी नहीं होने से दिसम्बर माह में राशन रोक दिया गया है। कार्ड धारकों के लिए बड़ी खबर है, जिन परिवारों की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है, उन्हें दिसंम्बर माह में राशन नहीं मिल रहा है। खाद्य विभाग ने अपील की है कि अंतिम तारीख 31 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से राशन कार्ड में दर्ज करा लें। हर सदस्य की ई-केवाईसी करवाना है।

- अब 31 दिसंबर तक ईकेवाईसी करा सकेंगे हितग्राही

जिले मे कुल 400 राशन दुकानें है, जिसमें 2 लाख 55 हजार 143 कार्ड है। शहरी क्षेत्र मुंगेली में कुल 10 हजार 346, पथरिया में 2 हजार 172, लोरमी में 5 हजार 65 कार्ड है। लोरमी ब्लॉक में 93 हजार 946, मुंगेली में 82 हजार 597, पथरिया में 58 हजार 341 राशनकार्ड है। जिले के कुल राशन कार्डो में सदस्यों की संख्या 8 लाख 31 हजार 892 है। 1 लाख केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्य प्रभावित हो रहे है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन परिवारों के राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं है, उन्हें दिसम्बर 2025 से राशन का लाभ नहीं मिल रहा है। राशन नही मिलने से कार्डधारी अब परेशान होने लगे है। राज्य सरकार ने ई-केवाईसी अपडेट करने के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा निर्धारित की है। खाद्य विभाग ने अपील की है कि राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य को अनिवार्य रूप से अपनी केवाईसी करवानी होगी। यदि परिवार के किसी एक भी सदस्य की केवाईसी पेंडिंग रहती है, तो उस सदस्य के हिस्से का राशन काटा जा सकता है या पूरे कार्ड पर मिलने वाली सुविधाओं में रुकावट आ सकती है। फर्जी राशन कार्डों और अपात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिए। आधार लिंकिंग यह सुनिश्चित करना कि राशन केवल वास्तविक हितग्राही को ही मिल रहा है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। हितग्राही अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों को अपना आधार कार्ड लेकर दुकान पर जाना होगा। दुकानदार के पास उपलब्ध मशीन पर बायोमेट्रिक के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। प्रक्रिया सफल होने पर मशीन से पावती या पुष्टिकरण प्राप्त होगा।



राशन दुकान में ई-केवाईसी कराते कार्डधारी।

### ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

सभी कार्डधारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। दिसम्बर माह में लगभग 1 लाख लोगों का ई-केवाईसी नहीं हो पाया है जिसके चलते उन लोगों को दिसम्बर माह का खाद्यान्न निलंबित किया गया है। ई-केवाईसी कराने से छूटे राशन कार्डधारी ई-केवाईसी कराकर अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं।

**-हुलेस डड़सेना**
जिला खाद्य अधिकारी मुंगेली

## कृषि भूमि में परिवर्तित कर हो रही खेती, गहराया जल संकट

# तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा, कलेक्टर से शिकायत

**मुंगेली।** जिले के ग्राम पंचायत नवागांव घुठेरा में शासकीय अभिलेखों में दर्ज तालाब एवं कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और तालाब के स्वरूप को समाप्त किए जाने को लेकर ग्रामवासियों ने जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम नवागांव घुठेरा स्थित राजस्व अभिलेखों में पेड़-तालाब के रूप में दर्ज है, उसे कुछ लोगों ने अवैधानिक रूप से कृषि भूमि में परिवर्तित कर लिया है। गांव के सरपंच नारायण साहू ने बताया कि, उक्त भूमि पर लंबे समय से खेती की जा रही है, जिससे गांव के सार्वजनिक जलस्त्रोत को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि, इस मामले में पूर्व में भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें तालाब को पूर्ववत कराने एवं जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि, फरवरी 2021 को इस संबंध में लिखित शिकायत की गई थी, जिस पर हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन भी मंगाया गया था। बावजूद इसके, संबंधित व्यक्तियों द्वारा अब भी उक्त भूमि पर खेती की जा रही है। ग्रामीणों को अनुसार इससे गांव में जल संकट गहराता जा रहा है, और आम निस्तारी के लिए ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि, ग्राम पंचायत नवागांव घुठेरा के राजस्व रिकॉर्ड में पूर्व सरपंच स्व ताम सिंह राजपूत के नाम पर अंकित है, उसमें वर्ष 2008-10 के बीच पंचायत द्वारा तालाब का गहरीकरण कराया गया था। साथ ही बोर खनन कार्य कराकर तालाब को जलसंग्रह के योग्य बनाया गया था। उक्त तालाब में पंचायत द्वारा मछली पालन भी कराया गया था, जिससे ग्राम पंचायत को आय भी प्राप्त होती थी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त तालाब को लेकर कलेक्टोरेट से स्पष्ट आदेश पारित किया गया था कि, यह तालाब ग्रामीणों के निस्तार के लिए बनाया गया है, और इसे संरक्षित रखा जाना आवश्यक है। बावजूद इसके बीते 12 से 15 वर्षों से तालाब का समुचित गहरीकरण नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में तालाब सूख जाता है, जिससे पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग को लेकर गांव में गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि, उक्त सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि को तालाब के रूप में फिर बहाल किया जाए एवं दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।



तालाब के स्वरूप परिवर्तन की शिकायत को लेकर पहुंचे ग्रामीण।

### क्षेत्र की 8 मुख्य सड़कों के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति

**गौरेला।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की मांग पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का जाल बिछेगा। इस पर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने सरकार के मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने बताया कि, उनकी मांग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मरवाही विधानसभा में मेन रोड से हरिपुर पहुंच मार्ग हेतु 378.312 लाख रुपए, साल्हेघोरि टेढ़गापानी पहुंच मार्ग हेतु 146.982 लाख रुपए सहित 25 किलोमीटर लमबी कुल 8 प्रमुख सड़क निर्माण हेतु 22 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृति पर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि, आदिवासी बहुलता वाले मरवाही विधानसभा में इतनी बड़ी स्वीकृति से निश्चित ही गांव-शहरों से जुड़ेंगे।